दिनांकः 25.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आज विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें याद किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पंडित उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि महान राष्ट्रवादी विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय अवधारणा, विकसित भारत का संकल्प पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। श्री मोदी ने कहा कि देश के प्रति उनकी सेवा और समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा।
इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। सीकर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में होने वाले कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शिरकत करेंगे। इस अवसर पर वे विश्वविद्यालय परिसर में पंडित उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके अलावा उपराष्ट्रपति सीकर में "पंडित दीनदयाल उपाध्याय समिति उद्यान" का उद्घाटन भी करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े भी शामिल होंगे।
इधर, पंडित दीनदयाल की जन्मस्थली जयपुर के धानक्या में भी कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। भरतपुर में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा संगोष्ठी आयोजित कर पंडित उपाध्याय की राह पर चलने का आह्वान किया गया।

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जंयती को महा सदस्यता दिवस के रूप में मना रही है। आज एक ही दिन में 25 लाख से अधिक सदस्य बनाकर अभियान को गति देने का लक्ष्य रखा गया है। जयपुर के प्रताप नगर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शिरकत कर रहे हैं। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ दौसा में अभियान के तहत हो रहे कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। अजमेर में पार्टी कार्यकर्ताओं को जनसम्पर्क कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाने का लक्ष्य दिया गया है।

....

एशिया पावर सूचकांक में भारत एशिया का तीसरा सबसे शक्तिशाली देश बन गया है। वर्ष 2024 की रिपोर्ट के अनुसार कोविड के बाद भारत ने आर्थिक विकास की अपनी क्षमता में 4 दशमलव दो अंक की बढोतरी की है। रिपोर्ट के अनुसार देश ने भविष्य के संसाधनों के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है। सूचकांक में 27 देशों और क्षेत्रों को उनके बाहरी वातावरण को आकार देने की क्षमता के आधार पर स्थान दिया जाता है।

....

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेशभर में कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में आज आकाशवाणी जयपुर के बाहरी परिसर में साफ–सफाई की जाएगी। इसमें सभी अधिकारी और कर्मचारी श्रमदान करेंगे। पाली के बाली में सरकारी कॉलेज में एन.एस.एस. की ओर से स्वच्छता जागरुकता शिविर लगाया गया।
भरतपुर जिले के बयाना, रूपवास और रुदावल में जागरुकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को साफ–सफाई रखने का संदेश दिया गया। भरतपुर में नवग्रह कुंड में सफाई की गई। नगर निगम सभागार में संगोष्ठी रखी गई। इसमें वार्डों में की जा रही सफाई की मॉनीटरिंग कर आम लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाने की अपील की गई। डीग में स्वच्छता पखवाड़े के तहत बहज के पीएम श्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया।

....

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस फेलोशिप के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए बी.टेक और एम.टेक के विद्यार्थी पात्र होंगे। मंत्रालय ने एआई के क्षेत्र में पीएचडी की फेलोशिप प्रदान करने के लिए शीर्ष 50 अनुसंधान संस्थानों से भी सहभागिता का

अनुरोध किया है। इंडिया एआई मिशन का उद्देश्य इसका लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाना है। इसके उद्देश्यों में एआई के क्षेत्र में भारत को अग्रणी और आत्मनिर्भर बनाना तथा एआई का उचित उपयोग करना भी शामिल हैं। इंडिया एआई डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाइट पर इस महीने की 30 तारीख़ तक आवेदन किए जा सकेंगे।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी।

....